दैनिक जागरण आई नेक्स्ट 27/06/2024

सीएसए समेत पांच यूनिवर्सिटीज की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी

यूजी में तीन, पीजी में दो और पीएचडी में होगी एक राउंड काउंसिलिंग

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT

kanpur@inext.co.in

KANPUR (26 June): उप्र कंबाइंड एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी एंट्रेंस टेस्ट (यूपीकैटेट) को पास करने वाले स्टूडेंट्स के लिए काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी हो गया है. वेडनसडे को सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने काउंसिलिंग शेड्यूल को शेयर किया. जारी शेड्यूल के अनुसार यूजी (बीवीएससी एंड एएच) में एडमिशन के लिए कैंडीडेट्स को 27 और 28 जुलाई (शाम पांच बजे तक) को पहले राउंड की काउंसिलिंग के रजिस्ट्रेशन कराना होगा. इन्हीं दो दिनों में च्वाइस फिलिंग और लाकिंग भी करानी होगी. 02 जुलाई को सीट आवंटन का रिजल्ट डिक्लेयर होगा. वहीं, अन्य यूजी कोर्सों में एडमिशन के लिए 21 से 23 जुलाई तक काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन होंगे. 31 जुलाई को रिजल्ट जारी होगा. बीवीएससी एंड एच में दो और अन्य यूजी कोर्सों में एडमिशन के लिए तीन राउंड की काउंसिलिंग होगी. वहीं. अगर पीजी में एडमिशन की बात करें तो पहले राउंड की काउंसिलिंग के लिए 15 से 16 जुलाई के बीच काउंसिलिंग का रजिस्ट्रेशन होगा. रिजल्ट 25 जुलाई को जारी किया जाएगा. पीजी में दो राउंड की काउंसिलिंग से एडमिशन होगा. इसके अलावा पीएचडी में एडमिशन के लिए 20 से 24 अगस्त तक काउंसिलिंग के रजिस्ट्रेशन और एक सितंबर को रिजल्ट जारी होगा. पीएचडी में एडमिशन के लिए केवल एक राउंड की ही काउंसिलिंग होगी. काउंसिलिंग की अधिक जानकारी के लिए यूपीकैटेट की वेबसाइट में विजिट करें.

इन यूनिवर्सिटीज में मिलेगा एडमिशन

यूपीकैटेट पास कैंडीडेट्स को यूपी स्टेट गवर्नमेंट की ओर से संचालित पांच एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज में एडमिशन मिलेगा. सीटों की बात करें तो कानपुर स्थित सीएसए में 881, अयोध्या एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में 1123, मेरठ में 742, बांदा में 578 और कुशीनगर में 30 सीटें हैं. इन पांचों यूनिवर्सिटीज में कुशीनगर स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी का यह पहला सेशन होगा.

राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • बृहस्पतिवार • 27 जून • 2024

किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य लेकर तैयार करें कृषि कार्ययोजना

सीएसए के कुलपति ने कृषि वैज्ञानिकों को दिये निर्देश

कृषि विज्ञान केंद्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन

कानपुर (एसएनबी)। वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला के पूर्व कृषि विज्ञान केंद्रों की समीक्षा बैठक निदेशक प्रसार डॉ.आरके यादव के नेतृत्व में हुई, जिसमें कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने वैज्ञानिकों को ऑनलाइन संवोधित कर कहा कि जनपद के कृषकों की आवश्यकता अनुसार कार्य योजना तैयार करें जिससे उनकी आय वढ़ाई जा सके।

कार्यक्रम में आईसीएआर अटारी जोन 3 के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एसके सिंह वतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर निदेशक प्रसार डॉ.आरके यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा समस्त वैज्ञानिकों से कहा कि निश्चित तौर पर सभी जनपदों की वार्षिक कार्य योजना किसानों की मांग के अनुरूप वनकर तैयार होगी। निदेशक शोध डॉ.पीके सिंह ने कृषकों की आय वढ़ाने हेतु तकनीकी विंदुओं पर वल दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.एसके सिंह ने सभी वरिष्ठ वैज्ञानिकों से समन्वित कृषि प्रणाली के सुदृढ़ता के लिए सभी वैज्ञानिकों को मिलजुल कर कार्य करने का संकेत देते हुए कहा कि स्थानीय सभी प्रकार की फसलों के किस्मों का मूल्यांकन करके कृषकों को वितरित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कृषि, वागवानी और संवंधित क्षेत्रों के संपूर्ण विकास के क्रियान्वयन को लिए जाने वाले गांव का चयन करके सामूहिक प्रयत्नों की आवश्यकता पर वल दिया। साथ ही एफएलडी एवं ओएफटी पर वैज्ञानिकों को सुझाव दिए जिससे कि वार्षिक कार्य योजना किसानों की आवश्यकता के अनुरूप तैयार हो और कृषकों को लाभ मिल सके। अंत में डॉ. वीके कनौजिया ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ.करम हुसैन, डॉ.एसएल वर्मा, डॉ.एके सिंह, डॉ.आशा यादव सहित समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष रहे।

यूपीकैटेट उत्तीर्ण आज से करा सकेंगे पंजीयन

जासं, कानपुर : उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि और प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपीकैटेट) को पास करने वाले अभ्यर्थी पहले चरण की काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए गुरुवार से पंजीयन करा सकेंगे। सीएसए कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि स्नातक में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को 27 और 28 जुलाई को पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए आनलाइन पंजीयन कराना होगा। 23 जुलाई तक पंजीयन होगा और 31 जुलाई को परिणाम घोषित होगा। बीवीएससी एंड एच में दो और अन्य स्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए तीन चरण की काउंसिलिंग होगी। परास्नातक के लिए 15 व 16 जुलाई को काउंसिलिंग के लिए पंजीयन करा सकेंगे।

दैनिक जागरण 27/06/2024- दैनिक जागरण 27/06/2024